# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2021-22


कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012

ISSN 2454-6666

# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2021-22

अप्रैल 1, 2021 से मार्च 31, 2022

सत्यमेव जयते

**कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल**
**कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग**
**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार**
कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012

प्रतिभा की खोज
In search of talent
कृ.वै.च.मं.
कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

मुद्रण : 2022

मुख्य संरक्षक : प्रो. (डॉ.) ए. के. मिश्रा
अध्यक्ष (5 जनवरी, 2022 तक)

प्रो. (डॉ.) ए. के. श्रीवास्तव
सदस्य (ए.एस.)

संरक्षक : डॉ. पी. के. चक्रबर्ती
सदस्य (पी. एस.)

डॉ. के. के. सिंह
सदस्य (एन. आर. एम.)

डॉ. प्रमोद कुमार मेहरदा
सचिव (आई. ए. एस.)

संपादकगण : डॉ. ए. पी. रूहिल
प्रधान वैज्ञानिक (सूचना प्रौद्योगिकी)

राजेन्द्र कुमार
निदेशक

डॉ. सुरेश पाल
मुख्य तकनीकी अधिकारी

**आभार**

**कृषि ज्ञान प्रबंध निदेशालय, डीकेएमए**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि अनुसंधान भवन–1,
पूसा, नई दिल्ली 110012

---

अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012, दूरभाष संख्याः 011–25840251, 25848172, फैक्सः 011–25846311 द्वारा प्रकाशित व मैसर्स चन्दु प्रेस, 469, पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एस्टेट, दिल्ली 110 092 के द्वारा लेजरटाइपसेट एवं मुद्रित।

# प्रस्तावना



कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की इस वार्षिक रिपोर्ट 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि को प्रस्तुत करना वास्तव में मेरे लिए गर्व का विषय है। यह रिपोर्ट कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल द्वारा इस अवधि के दौरान की गई प्रमुख गतिविधियों और इसकी उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उच्च वैज्ञानिक पदों (अनुसंधान प्रबंधन पद और गैर– अनुसंधान प्रबंधन पदों) की भर्ती हेतु स्कोरकार्ड में सुधार के लिए, भर्ती प्रक्रिया को कुछ समय के लिए टाल दिया गया था ताकि कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और स्क्रीनिंग प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए इसे और अधिक वस्तुनिष्ठ बनाया जा सके। अब पार्श्व प्रवेश के आधार पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उच्च वैज्ञानिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्कोरकार्ड को नया रूप दिया गया है और मंडल में स्क्रीनिंग प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए पूरी तरह से वस्तुनिष्ठ बनाया गया है।

स्कोरकार्ड में सुधार के बाद, मंडल ने विज्ञापन संख्या 1/2021, के माध्यम से 90 अनुसंधान प्रबंधन पदों (आर.एम.पी.) पर भर्ती हेतु विज्ञापन दिया। विज्ञापित पदों में उप महानिदेशक के चार पद, राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक के दो पद, सहायक महानिदेशक के सत्रह पद, राष्ट्रीय संस्थानों के अलावा अन्य संस्थानों के निदेशकों के सत्तावन पद, परियोजना निदेशक के दो पद और शेष संयुक्त निदेशक के पद शामिल हैं। मंडल ने विज्ञापन के दो महीने के भीतर तीन उप महानिदेशकों और राष्ट्रीय संस्थानों के दो निदेशकों सहित पांच अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की है। अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है और शीघ्र ही प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

कृषि अनुसंधान सेवा के वैज्ञानिकों के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के समयबद्ध कार्यान्वयन के एक भाग के रूप में, वरिष्ठ वैज्ञानिक पदों से प्रधान वैज्ञानिकों के ग्रेड में प्लेसमेंट के लिए पैंतीस विषयवस्तु क्षेत्रों के 78 प्रस्तावों पर कार्य किया गया और वर्ष के दौरान मंजूरी दे दी गई। लगभग 89.74 प्रतिशत (5.13 प्रतिशत आस्थगित पदोन्नतियों सहित) उम्मीदवारों को अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति के लिए अनुशंसित किया गया था।

वर्ष के दौरान, 48 विषयवस्तु क्षेत्रों में वैज्ञानिकों की 222 रिक्तियों के लिए कृषि अनुसंधान सेवा (प्रारंभिक)–2021, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों (एस.टी.ओ.) के 65 पदों के लिए और 60 विषयवस्तु क्षेत्रों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट–2021) के लिए 23 से 27 अगस्त, 2021 के दौरान ऑनलाइन माध्यम में एक संयुक्त परीक्षा का आयोजन देश के विभिन्न भागों के 32 परीक्षा केन्द्रों में की गई थी। परीक्षा के लिए कुल 68,473 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था और 47,326 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए थे। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट परीक्षा) में, कुल 11,058 उम्मीदवारों ने नेट प्रमाण पत्र के लिए अर्हता प्राप्त की है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी, माननीय केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला जी, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी जी तथा सुश्री शोभा करंदलाजे जी को उनकी दूरदर्शिता, मार्गदर्शन, निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन के लिए मेरा हार्दिक धन्यवाद और आभार। तत्कालीन सचिव, डेयर और महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.) डॉ. टी. महापात्र, तत्कालीन अपर सचिव (डेयर) और सचिव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, श्री संजय सिंह, वर्तमान अपर सचिव, डेयर एवं सचिव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद श्री संजय गर्ग और श्री बिंबाधर प्रधान, विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, डेयर/भा.कृ.अनु.प को मंडल के प्रयासों में उनकी सहायता एवं समर्थन के लिए कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल उनके प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है।

मैं, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में अपने सहयोगियों प्रो. ए. के. मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष, डॉ ए. के. श्रीवास्तव, सदस्य (ए.एस.); डॉ. पी.के. चक्रवर्ती, सदस्य (पी.एस.); डॉ. के. के. सिंह सदस्य (एन.आर.एम.); मंडल के तत्कालीन सचिव श्री विवेक अग्रवाल, डॉ. प्रमोद कुमार मेहरदा, सचिव, कृ.वै.च.मं.; मंडल के निदेशकगण श्री पी. के. बागे एवं श्री राजेंद्र कुमार तथा अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिकों को ऊपर उल्लेखित कार्यों के सफल निष्पादन में उनके योगदान एवं समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

हि० पाठक

(हिमांशु पाठक)
अध्यक्ष, कृ.वै.च.मं.

# विषय सूची

*प्रस्तावना* iii

*कार्यकारी सारांश* vii

1. परिचय 1
2. परीक्षाएं 5
3. सीधी भर्ती 7
4. वैज्ञानिकों का मूल्यांकन : कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) 9
5. सुधार 11
6. सूचना का अधिकार अधिनियम तथा केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन 14
7. हिन्दी (राजभाषा) का प्रगतिशील उपयोग 17
8. महिला सशक्तिकरण 20
9. मान्यताएं / पुरस्कार / सम्मान 21

*परिशिष्ट*

I. वर्ष 2021–22 के दौरान मंडल में स्वीकृत पदों की स्थिति 23

II. दिनांक 31.03.2022 को मंडल में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 24

III. वर्ष 2021–22 के दौरान कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की प्राप्तियां एवं व्यय 25

IV. पिछले पांच वर्षों में बोर्ड के कार्यभार का तुलनात्मक विवरण 26

V. सीधी भर्ती 2021–22 27

VI. वर्ष 2021–22 के दौरान भा.कृ.अनु.प. के संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के अंतर्गत मूल्यांकन के मामले 28

VII. संस्थानों की सूची जिनमें कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के कैरियर एडवांसमेंट के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों (2021–22) का गठन किया गया 29

VIII. संस्थानों की सूची जिनमें कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार तकनीकी पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों (2021–22) का गठन किया गया 32

IX. कार्मिक (नियुक्तियां, पदोन्नतियां, स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्तियां आदि) 35

# कार्यकारी सारांश

यह रिपोर्ट मंडल के अधिदेश के निर्वहन हेतु कृ.वै.च.मं. द्वारा किए गए कार्यक्रमों और गतिविधियों जैसे प्रतिभा की खोज, मूल्यांकन और वैज्ञानिक संवर्ग से संबंधित नीति निर्माण के लिए इनपुट का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है। इस वार्षिक रिपोर्ट 2021–22 की अवधि विशेष रूप से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में पार्श्व प्रवेश के आधार पर उच्च वैज्ञानिक पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्कोरकार्ड–2021 में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है।

वर्ष के दौरान, 48 विषयवस्तु क्षेत्रों में वैज्ञानिकों की 222 रिक्तियों के लिए कृषि अनुसंधान सेवा–2021 (प्रारंभिक), वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों (एस.टी.ओ.) के 65 पदों के लिए और 60 विषयवस्तु क्षेत्रों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट–2021) के लिए 23 से 27 अगस्त, 2021 के दौरान देश के विभिन्न भागों के 32 परीक्षा केन्द्रों में ऑनलाइन माध्यम के तहत एक संयुक्त परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के लिए कुल 68,473 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था जिनमें से 47,326 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए थे। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट परीक्षा) में, कुल 11,058 उम्मीदवारों ने नेट प्रमाणपत्र के लिए अर्हता प्राप्त की है। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर 63 उम्मीदवारों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.) में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी–6) के पदों पर नियुक्ति हेतु सिफारिशें दी गईं।

इस अवधि के दौरान, मंडल ने विज्ञापन संख्या 1/2021, के माध्यम से 90 अनुसंधान प्रबंधन पदों (आर.एम.पी.) पर भर्ती हेतु विज्ञापन दिया, विज्ञापित पदों में उप महानिदेशक के चार पद, राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक के दो पद, सहायक महानिदेशक के सत्रह पद, राष्ट्रीय संस्थानों के अलावा अन्य संस्थानों के निदेशकों के सत्तावन पद, परियोजना निदेशक के दो पद और शेष संयुक्त निदेशक के पद शामिल हैं।

बोर्ड ने पांच पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की, जिनमें उप महानिदेशकों के तीन पद और राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशकों के दो पद शामिल थे। इन पदों के लिए कुल 58 आवेदक थे, जिनमें से 32 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था।

वर्ष के दौरान, मंडल ने 35 विषयवस्तु क्षेत्रों में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के तहत प्रधान वैज्ञानिक पदों पर पदोन्नति के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिकों के 78 प्रस्तावों पर कार्रवाई की। पदोन्नतियों की प्रतिशत 89.74 रही है जिसमें 5.13% आस्थगित पदोन्नतियां थीं।

उपयोग में सरलता के लिए, 2019–20 से नेट परीक्षा के प्रमाण पत्र अपलोड किए गए हैं और इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के डिजीलॉकर में उपलब्ध कराए गए।

कृ.वै.च.मं. ने भारत सरकार की राजभाषा नीति को पूर्ण निष्ठा से लागू किया। राजभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उम्मीदवारों को साक्षात्कार में विकल्प सहित हर संभव सहायता और सुविधाएं प्रदान की गईं। विशेषज्ञों/सलाहकारों/प्रश्नपत्र बनाने वालों/मूल्यांकनकर्ताओं सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और अतिथियों के लाभार्थ मंडल के पुस्तकालय को समृद्ध करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अधिकतम हिंदी पुस्तकें प्राप्त करने के प्रयास किए गए।

ऑनलाइन इनपुट और नियमित डिजिटाइजेशन के माध्यम से प्रत्येक विषयवस्तु क्षेत्र में प्रश्न बैंक और सलाहकार/विशेषज्ञ डेटाबेस को नियमित रूप से अपडेट, अपग्रेड और विस्तारित करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए।

कामकाज में पारदर्शिता वास्तव में किसी भी संगठन की पहचान होती है। यह विशेष रूप से कृ.वै.च.मं. जैसे राष्ट्रीय भर्ती निकाय पर लागू होता है। चाहे वह उम्मीदवारों के वर्क प्रोफाइल की जांच हो या साक्षात्कार या परीक्षा प्रक्रिया या यहां तक कि सलाहकारों/परीक्षकों/प्रश्नपत्र बनाने वालों /

मूल्यांकनकर्ताओं आदि का पैनल बनाना हो, बोर्ड ने सभी स्तरों पर निष्पक्षता, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक जांच प्रणाली स्थापित किया है।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल से जुड़े मामलों, शिकायतों या मामलों के संबंध में विभिन्न न्यायालयों द्वारा स्वीकार/जांच के पश्चात, बोर्ड के निर्णयों के संबंध में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल टिप्पणियों आदि द्वारा कोई निंदा नहीं की गई।

पूसा परिसर में कृ.वै.च.मं. का नया कार्यालय भवन पूरा होने के चरण में है।

अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए आवेदनों का ऑनलाइन आमंत्रण तथा आवेदनों की जांच के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन एवं स्कोरकार्ड सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर का विकास (भा.कृ.अनु.प.) – भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान की सहायता से आंतरिक रूप से किया गया है। विज्ञापन संख्या 1/2021 के माध्यम से अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करके ऑनलाइन एप्लीकेशन एवं स्कोरकार्ड सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर (ओ.ए.एस.आई.एस.) का सफलतापूर्वक परीक्षण और कार्यान्वयन किया गया है।

# परिचय



## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

अगस्त 2018 से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के एक संबद्ध कार्यालय के रूप में कार्य कर रहा है। पूर्व में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, भारत सरकार द्वारा सन 1973 में स्थापित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक स्वतंत्र भर्ती निकाय था।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल अपने अधिदेश के अनुसार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा देश भर में फैले इसके अनुसंधान संस्थानों के लिए सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले वैज्ञानिकों और अन्य प्रबंधन कर्मियों की भर्ती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त, मंडल कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के लिए कैरियर एडवांसमेंट योजनाओं सहित मानव संसाधन को शामिल करने और इनके विकास से संबंधित नीतियों को विकसित और लागू करने से संबंधित क्षेत्रों में परिषद को सहायता और सलाह देता है। अपनी स्थापना के बाद से, कृ.वै.च.मं. राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और शिक्षा प्रणाली (एन.ए.आर.ई.एस.) की मौजूदा और साथ ही उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिभा–खोज रणनीतियों में सुधार और परिष्कृत करने का लगातार प्रयास कर रहा है।

## अधिदेश

कृ.वै.च.मं. का अधिदेश, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और देश भर में फैले इसके संस्थानों में विभिन्न पदों के लिए सर्वोत्तम मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार, मंडल को प्रारंभ में निम्नलिखित दायित्व सौंपे गए थे :

- भा.कृ.अनु.प. की कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस) में पदों और अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट ऐसे अन्य पदों और सेवाओं में नियुक्तियां करना।
- परिषद को पदोन्नति सहित कार्मिक मामलों में आवश्यक सहायता प्रदान करना जैसा अध्यक्ष, भा.कृ.अनु.प. के लिए आवश्यक है।
- कृ.वै.च.मं. के माध्यम से भर्ती किए गए या मंडल के परामर्श से परिषद द्वारा नियुक्त कर्मियों से संबंधित अनुशासनात्मक मामलों पर परिषद को सलाह देना।

तत्पश्चात अखिल भारतीय सेवा के रूप में कृषि अनुसंधान सेवा के गठन के बाद, मंडल को निम्नलिखित अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं :

- अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा के प्रवेश स्तर के वैज्ञानिक ग्रेड में भर्ती।
- कृषि अनुसंधान सेवा के प्रारंभिक गठन के तहत भा.कृ.अनु.प. के मौजूदा वैज्ञानिकों को कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस.) में शामिल करना।
- कृषि अनुसंधान सेवा (ए.आर.एस.) के वैज्ञानिकों को योग्यता के आधार पर पदोन्नति और अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान करने के लिए मूल्यांकन।

इसके अलावा, मंडल को तकनीकी सेवा, प्रशासनिक और लेखा प्रबंधन पदों जैसे प्रशासनिक अधिकारियों/वित्त एवं लेखा अधिकारियों और सहायक निदेशकों (राजभाषा) के लिए भर्ती का कार्य भी सौंपा गया है।

मंडल, स्वीकृत 60 विषयवस्तु क्षेत्रों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) भी आयोजित करता है, जो राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एस.ए.यू.) में सहायक प्रोफेसर/व्याख्याता पद पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों को इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना आवश्यक है।

## संगठन

मंडल में एक अध्यक्ष और तीन सदस्य शामिल हैं, जिन्हें अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के लिए संयुक्त सचिव स्तर का एक सचिव सहायता करता हैं। इसके अलावा, मंडल ने अन्य वित्तीय, प्रशासनिक और तकनीकी पदाधिकारियों के साथ–साथ परीक्षा नियंत्रक का एक पद, पांच उप सचिवों/उप निदेशक (वित्त) का भी प्रस्ताव किया है। कृ.वै.च.मं. की पुनर्गठित संगठनात्मक संरचना को निम्नानुसार दर्शाया गया है:

**पुनर्गठित कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का संगठनात्मक ढांचा**




31 मार्च, 2022 तक मंडल के नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों की कुल स्वीकृत संख्या 84 थी *(परिशिष्ट I)*। स्वीकृत पदों में से कुल 34 पदों पर नियमित कर्मचारी कार्यरत थे। 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि के दौरान मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की सूची *परिशिष्ट II* में दी गई है।

## व्यय

मंडल ने 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के दौरान ₹ 2,478.06 लाख का व्यय किया है और विभिन्न स्रोतों मुख्य रूप से परीक्षाओं/आवेदनों से प्राप्त राजस्व ₹ 628.86 लाख है। प्राप्तियों और व्यय का विवरण *परिशिष्ट III* में दिया गया है।

## गतिविधियां

अपने अधिदेशित कार्यों के निर्वहन में, मंडल ने विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं। पिछले पांच वर्षों के दौरान सम्पन्न गतिविधियों और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण *परिशिष्ट IV* में प्रस्तुत किया गया है।

## वर्ष 2021–22 के दौरान सम्पन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

| | गतिविधियां | संख्या |
|---|---|---|
| I | **साक्षात्कार के माध्यम से नियुक्तियां (सीधी भर्ती)** | |
| | • वे पद जिनके लिए पिछले वर्षों से भर्ती कार्रवाई लंबित थी | 11 |
| | • वे पद जिनके लिए चालू वर्ष के दौरान मांग पत्र प्राप्त हुए थे | 58 |
| | • भा.कृ.अनु.प. द्वारा वापस लिए गए पद | 11 |
| | • विज्ञापित पद | 90 |
| | • वे पद जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है | 5 |
| | • विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदन | 58 |
| | • साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवार | 32 |
| | • साक्षात्कार हेतु उपस्थित उम्मीदवार | 29 |
| | • नियुक्ति के लिए संस्तुत उम्मीदवार | 5 |
| | • ऐसे मामले जहां नियुक्ति के लिए उपयुक्त उम्मीदवार नहीं पाए गए | 0 |
| | • ऐसे मामले जहां साक्षात्कार हेतु कोई उम्मीदवार उपस्थित नहीं हुए | 0 |
| | • वर्ष के दौरान विज्ञापित विभिन्न पदों के लिए जांच किए गए आवेदन | 58 |
| | • वे पद जिन पर नियुक्ति प्रक्रिया कार्य जारी है | 85 |
| II | **परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्ति** | |
| (i) | **कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा – 2021** | |
| | • विज्ञापित रिक्तियां | 222 |
| | • परीक्षा हेतु पंजीकृत आवेदकों की संख्या | 38,022 |
| | • परीक्षा में उपस्थित आवेदकों की संख्या | 27,433 |
| | • मुख्य परीक्षा हेतु अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों की संख्या | 2,792 |
| (ii) | **राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा – 2021** | |
| | • पंजीकृत आवेदकों की संख्या | 60,402 |
| | • परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या | 42,943 |
| | • उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या | 11,058 |
| (iii) | **वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी–6) परीक्षा – 2021** | |
| | • अधिसूचित रिक्तियों की संख्या | 65 |
| | • पंजीकृत आवेदकों की संख्या | 17,805 |
| | • परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की संख्या | 12,920 |
| | • साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों की संख्या | 304 |
| | • नियुक्ति के लिए संस्तुत उम्मीदवारों की संख्या | 63 |
| III | **मूल्यांकन** | |
| | • संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड हेतु वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन | 78 |
| | • इन्डक्शन | 0 |
| IV | **गठित समितियां** | |
| | • कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के कैरियर एडवांसमेंट हेतु विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन | 95 |
| | • तकनीकी संवर्ग के पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों का गठन | 105 |

## महत्वपूर्ण घटनाएं

### कृ.वै.च.मं. की बोर्ड बैठकें

भर्ती और मूल्यांकन से संबंधित महत्वपूर्ण मामलों एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए इस अवधि के दौरान बोर्ड की तीन बैठकें आयोजित की गईं।

### कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का नया कार्यालय भवन

पूसा परिसर में नए कार्यालय भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, आशा है कि फरवरी–मार्च, 2023 तक मंडल अपने स्वयं के कार्यालय भवन में स्थानांतरित हो सकता है।



नए कार्यालय भवन का प्रस्तावित ढांचा



नए कार्यालय भवन का निर्माण कार्य

वर्ष के दौरान, 48 विषयवस्तु क्षेत्रों में वैज्ञानिकों की 222 रिक्तियों के लिए कृषि अनुसन्धान सेवा (ए.आर.एस.) – 2021 (प्रारंभिक), वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (एस.टी.ओ.) के 65 पदों और 60 विषयवस्तु क्षेत्रों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए 23 से 27 अगस्त, 2021 के दौरान देश भर में 32 केंद्रों पर एक संयुक्त परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई थी। संयुक्त परीक्षा के लिए कुल 68,473 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया और 47,326 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए।

## राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) – 2021

नेट परीक्षा के लिए कुल 60,402 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था लेकिन इनमें से केवल 42,943 उम्मीदवार ही परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में उपस्थित 42,943 उम्मीदवारों में से कुल 11,058 उम्मीदवारों ने अर्हता प्राप्त की है। राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एस.ए.यू.) और कृषि संकाय वाले अन्य सामान्य विश्वविद्यालयों में लेक्चरर/सहायक प्रोफेसर की भर्ती के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए नेट परीक्षा में उत्तीर्ण होना एक आवश्यक शर्त है।

## कृषि अनुसन्धान सेवा (ए.आर.एस.) परीक्षा – 2021

ए.आर.एस. (प्रारंभिक)/नेट/एस.टी.ओ. – 2021 की एक संयुक्त परीक्षा 23 –27 अगस्त, 2021 के दौरान ऑनलाइन माध्यम में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 38,022 उम्मीदवारों ने ए.आर.एस. परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, हालांकि, केवल 27,433 उम्मीदवार ही प्रारंभिक परीक्षा में शामिल हुए थे। इस परीक्षा में 48 विषयवस्तु क्षेत्रों में कुल 2,792 उम्मीदवारों ने मुख्य परीक्षा के लिए सफलता हासिल की। मुख्य परीक्षा 28 नवंबर, 2021 को आयोजित की गई थी। मंडल द्वारा मुख्य परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार साक्षात्कार (मौखिक परीक्षा) के लिए आमंत्रित किए जाने के पात्र हैं। हालांकि, प्रत्येक पद के लिए अधिकतम 5 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

## वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (एस.टी.ओ.)

ए.आर.एस. (प्रारंभिक)/नेट/एस.टी.ओ.–2021 की संयुक्त परीक्षा में कुल 17,805 उम्मीदवारों ने







वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी पदों के लिए साक्षात्कार का एक दृश्य

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 12,920 उम्मीदवार ही वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए। संयुक्त परीक्षा के परिणाम के आधार पर वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (एस.टी.ओ.) (टी–6) के 65 पदों के लिए केवल 304 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। एस.टी.ओ. के पदों के लिए साक्षात्कार 2 से 15 मार्च, 2022 के दौरान आयोजित किया गया था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.) के अंतर्गत वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी–6) के पदों पर नियुक्ति के लिए कुल 63 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई थी। दो रिक्त पदों को योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने के कारण भरा नहीं जा सका है।

## अनुसूचित जाति/अनुसचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों/अन्य पिछड़े वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्ति

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद/भारत सरकार के नियमों के अनुसार मंडल ने वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी के पदों के लिए अनुसूचित जाति (एस.सी.), अनुसूचित जनजाति (एस.टी.), बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पी.डब्ल्यू.बी.डी.), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) से संबंधित उम्मीदवारों की सिफारिश की। चयनित उम्मीदवारों का ब्रेकअप और प्रत्येक श्रेणी में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या नीचे दी गई है:

### वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (टी–6) पदों के लिए आरक्षित श्रेणियों में पदों का वितरण

| श्रेणी | विज्ञापित रिक्तियां | वास्तव में भरे गए पद | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 6 | 6 | - |
| अनुसूचित जनजाति | 1 | 1 | - |
| बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) | 1 | 1 | - |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 15 | 13 | दो रिक्त पदों को योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने के कारण भरा नहीं जा सका |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 5 | 5 | |

# 3 सीधी भर्ती

## सीधी भर्ती /पार्श्व प्रवेश

इस अवधि के दौरान, मंडल ने विज्ञापन संख्या 1/2021, दिनांक 05 नवम्बर, 2021 के माध्यम से 90 अनुसंधान प्रबंधन पदों (आर.एम.पी.) को विज्ञापित किया जिसमें उप महानिदेशक, राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक, सहायक महानिदेशक, राष्ट्रीय संस्थानों के अलावा अन्य संस्थानों के निदेशक, परियोजना निदेशक और राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक पद शामिल हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान विज्ञापित विभिन्न पदों का स्थितिवार ब्यौरा नीचे दिया गया है।




विज्ञापित अनुसंधान प्रबंधन पदों की संख्या

भा.कृ.अनु.प. के उच्च वैज्ञानिक पदों (अनुसंधान प्रबंधन पद और गैर– अनुसंधान प्रबंधन दोनों) की भर्ती प्रक्रिया को फरवरी, 2021 में स्कोरकार्ड में सुधार के कारण रोक दिया गया था। आर.एम.पी. पदों के लिए नए संशोधित और सुधार किए गए स्कोरकार्ड की मंजूरी के बाद नवंबर, 2021 में फिर से भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

सुधार का उद्देश्य आवेदनों के मूल्यांकन में विशेषज्ञों के हस्तक्षेप और विवेक को कम करने और मंडल में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने एवं आवेदनों की स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत करने हेतु इसे और अधिक वस्तुनिष्ठ बनाना था। अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए स्कोरकार्ड को अंतिम रूप दिया गया और तदनुसार आर.एम.पी. पदों को नवंबर, 2021 में विज्ञापित किया गया था। उपर्युक्त 90 आर.एम.पी. पदों के लिए आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए गए थे। मंडल ने मार्च, 2022 तक उच्च अनुसंधान प्रबंधन पदों के पांच पदों *(परिशिष्ट V)* के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी की, जिसका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।

### रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान सीधी भर्ती की पूर्ण की गई प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण

| पदनाम | पदों की संख्या | उम्मीदवारों की संख्या | साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों की संख्या | साक्षात्कार लिए गए उम्मीदवारों की संख्या | नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई उम्मीदवारों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| उपमहानिदेशक | 03 | 41 | 19 | 16 | 03 |
| राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक | 02 | 17 | 13 | 13 | 02 |
| **कुल** | **05** | **58** | **32** | **29** | **05** |
| प्रत्येक पद के लिए उपलब्ध उम्मीदवारों की संख्या | | **11.6** | **6.4** | **5.8** | **100%** |

कुल मिलाकर, मंडल ने 58 आवेदनों की जांच की और 32 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया था, जिनमें से 29 उम्मीदवार वास्तव में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए थे। नियम के अनुसार, मंडल प्रत्येक पद हेतु साक्षात्कार के लिए स्कोरकार्ड मूल्यांकन में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने वाले केवल शीर्ष दस रैंकिंग वाले उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है। हालांकि, प्रत्येक पद के लिए साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों की औसत संख्या लगभग 6.4 है।




आर.एम.पी. पदों पर सीधी भर्ती का विवरण

# वैज्ञानिकों के कार्य का मूल्यांकन : कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.)

4

## संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन/पदोन्नति

वर्ष के दौरान, भा.कृ.अनु.प. के विभिन्न संस्थानों से संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के तहत 35 विषयवस्तु क्षेत्रों में वरिष्ठ वैज्ञानिक पद से प्रधान वैज्ञानिक के ग्रेड में पदोन्नति/मूल्यांकन हेतु 78 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मंडल ने इन सभी मामलों का आकलन किया और परिषद को अपनी सिफारिशें भेज दी हैं। प्रस्तावों का प्रमुख विषयवार विवरण इस प्रकार है:




मूल्यांकित प्रस्तावों का प्रमुख विषयवस्तुवार विवरण




साक्षात्कार मंडल का एक दृश्य

मूल्यांकन के परिणामों के अनुसार, 89.75% (5.13% आस्थगित पदोन्नति सहित) उम्मीदवारों को अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति प्राप्त हुई है।




कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के तहत प्रधान वैज्ञानिक के ग्रेड के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन

## कृषि अनुसंधान सेवा के वैज्ञानिकों (आर.जी.पी ₹6000 से ₹9000) के लिए कैरियर एडवांसमेंट स्कीम और तकनीकी कार्मिकों का मूल्यांकन पदोन्नति

कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के लिए कैरियर एडवांसमेंट (सी.ए.एस.) की योजना और नियमों के अनुसार, मंडल के अध्यक्ष ने भा.कृ.अनु.प. में वैज्ञानिकों की पदोन्नति के मामलों पर विचार करने के लिए विभिन्न मूल्यांकन समितियों के अध्यक्षों को नामित किया है। इसके अलावा, भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय और देश भर में स्थित इसके संस्थानों में काम कर रहे तकनीकी संवर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति के मामलों पर विचार करने हेतु मंडल के अध्यक्ष द्वारा मूल्यांकन समितियों के गठन के लिए भी नामांकन किया गया है।

### वैज्ञानिकों का मूल्यांकन/पदोन्नति

मंडल ने भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय सहित 73 संस्थानों के वैज्ञानिकों को आर.जी.पी. ₹6,000 से ₹7,000 में, आर.जी.पी. ₹7,000 से ₹8,000 में और ₹8,000 से ₹9,000 आर.जी.पी. के लिए मूल्यांकन करने हेतु 95 विभागीय पदोन्नति समितियों (डी.पी.सी.) के गठन हेतु विशेषज्ञों के नामांकन को अंतिम रूप दे कर अधिसूचित किया जिसका विवरण इस प्रकार है। विवरण परिशिष्ट VII में दिया गया है।




वैज्ञानिकों के लिए मूल्यांकन समितियों का विवरण

### तकनीकी कार्मिकों का मूल्यांकन/पदोन्नति

बोर्ड ने भा.कृ.अनु.प. मुख्यालय सहित 67 संस्थानों में तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए 105 मूल्यांकन समितियों के लिए विशेषज्ञों को नामित किया। विवरण परिशिष्ट VIII में दिया गया है।




तकनीकी कार्मिकों के लिए मूल्यांकन समितियों का विवरण

### कार्यकाल नवीनीकरण एवं विभागीय पदोन्नति विषयों पर परिषद को सुझाव

वर्ष के दौरान, मंडल ने भा.कृ.अनु.प. के उपमहानिदेशक (डी.डी.जी.) / सहायक महानिदेशक (ए.डी.जी.) और निदेशकों के कार्यकाल नवीनीकरण और अधिकारियों की पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समितियों की सभी बैठकों में नियमित रूप से भाग लिया।

## अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए स्कोरकार्ड में संशोधन

वर्ष के दौरान, पार्श्व प्रवेश के आधार पर भा.कृ.अनु.प. के अनुसंधान प्रबंधन पदों (आर.एम.पी.) में सीधे चयन के लिए स्कोरकार्ड को और अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए इसमें संशोधन किया गया है। संशोधित स्कोरकार्ड की महत्वपूर्ण विशेषताएं इस प्रकार हैं:

### सीधी भर्ती के लिए अंकों की भारिता (वेयटेज)

| क्र. सं. | अनुसंधान प्रबंधन पद (आर.एम.पी.) | स्कोरकार्ड के अंक | साक्षात्कार के अंक | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उपमहानिदेशक (डी.डी.जी.)/राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक एवं समकक्ष पद | 70 | 30 | 100 |
| 2. | निदेशक/परियोजना निदेशक/सहायक महानिदेशक (ए.डी.जी.)/राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक एवं समकक्ष पद | 70 | 30 | 100 |

### भा.कृ.अनु.प.–मानद विश्वविद्यालयों (डी.यू.), उपमहानिदेशक (डी.डी.जी.) और समकक्ष पदों के लिए स्कोरकार्ड का सारांश

| मद संख्या | विशेषताएं/उपलब्धियां/योगदान/प्रदर्शन संकेतक और स्कोर/अंकों का वितरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | अनुसंधान प्रबंधन में योगदान | 16 |
| 2. | पेशेवर उपलब्धियां | 02 |
| 3. | सम्मान/पुरस्कार/विशेष प्राप्तियां | 12 |
| 4. | खोज, आविष्कार, नवाचार, प्रौद्योगिकियां एवं उत्पाद | 12 |
| 5. | अध्यापन/अनुसंधान/विस्तार | 06 |
| 6. | प्रकाशन | 14 |
| 7. | ए.पी.ए.आर. | 08 |
| | **सकल योग** | **70** |

### सहायक महानिदेशक/निदेशक/संस्थानों के परियोजना निदेशक/राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक एवं भा.कृ.अनु.प. में समकक्ष पदों के लिए स्कोरकार्ड सारांश

| मद संख्या | विशेषताएं/उपलब्धियां/योगदान/प्रदर्शन संकेतक और स्कोर/ अंकों का वितरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | पेशेवर उपलब्धियां एवं योगदान | 5 |
| 2 | सम्मान/पुरस्कार/विशेष प्राप्तियां | 15 |
| 3. | खोज, आविष्कार, नवाचार, प्रौद्योगिकियां एवं उत्पाद | 15 |
| 4. | अध्यापन/अनुसंधान/विस्तार | 09 |
| 5. | प्रकाशन | 16 |
| 6. | सुदूर/कठिन क्षेत्रों में सेवाएं (दुष्कर स्थानों) | 02 |
| 7. | ए.पी.ए.आर. | 08 |
| | **सकल योग** | **70** |

## अनुसंधान प्रबंधन पदों के लिए आवेदन प्रपत्र में संशोधन

सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में संशोधित स्कोरकार्ड के अनुरूप संशोधन किए गए हैं और इन्हें विज्ञापन संख्या 01/2021 से लागू किए गए हैं। संशोधित स्कोरकार्ड के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने और आवेदनों की जांच के लिए वेब आधारित एपलीकेशन सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। एपलीकेशन सॉफ्टवेयर को ओएसिस (ऑनलाइन एपलीकेशन और स्कोरकार्ड सूचना प्रणाली) नाम दिया गया है और इसे https://asrbapplication.in लिंक पर ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है।

## कृ.वै.च.मं.–ओएसिस (ऑनलाइन एपलीकेशन एण्ड स्कोरकार्ड इनफार्मेशन सिस्टम)




### ओएसिस की प्रमुख विशेषताएं :

**1. होम पेज**

- ऑनलाइन आवेदन प्रणाली को https://asrbapplication.in लिंक के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है।
- होम पेज एप्लीकेशन साफ्टवेयर का एक्सेस उपलब्ध कराता है।
- नए उपयोगकर्ता को लॉगइन आईडी बनाने के लिए सर्वप्रथम स्वयं को **''न्यू रजिस्ट्रेशन''** पर क्लिक कर पंजीकरण कराना होगा।
- पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगइन के माध्यम से सिस्टम को एक्सेस कर ऑनलाइन आवेदन को सृजित कर प्रस्तुत कर सकता है।

**2. न्यू रजिस्ट्रेशन**

- **''न्यू रजिस्ट्रेशन''** पर क्लिक करने पर एक नया विन्डो खुलेगा।
- पंजीकरण के लिए वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर प्रविष्ट करना होगा।
- पंजीकृत ईमेल और मोबाइल नम्बर पर एक ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आएगा।
- ओटीपी को प्रविष्ट कर आगे बढ़ना होगा।
- एक नया पंजीकरण पेज खुलेगा।
- पंजीकरण पेज में आवश्यक मौलिक सूचनाओं को प्रविष्ट करना होगा।
- अपने एकाउंट के लिए एक पासवर्ड बनाना होगा।
- अपना **फोटोग्राफ** और हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद **''रजिस्टर''** बटन पर क्लिक करना होगा।
- पंजीकरण के पश्चात आपके ईमेल और मोबाइल नम्बर पर सफल पंजीकरण का एक संदेश आएगा जिसमें आपका लॉगइन विवरण होगा।

**3. लॉगइन**

- ओएसिस एक्सेस करने के लिए होम पेज पर **''लॉगइन''** बटन पर क्लिक करें एवं स्क्रीन पर पूछे गए लॉगइन सूचनाएं प्रविष्ट करें।
- लॉगइन करने के पश्चात, आवेदन के विवरण को भरा जा सकता है, भरने के पश्चात **''सबमिट''** पर क्लिक करें।
- सबमिट करने के बाद आपके आवेदन का आईडी जेनरेट होगी।

- अनुमति योग्य प्रोफाइल विवरण को संपादित करने हेतु मेन्यु के बायें ओर **''प्रोफाइल''** पर क्लिक करें।
- प्रस्तुत/किए गए आवेदनों की सूची देखने के लिए **''माई एकाउंट''** पर क्लिक करें।
- आवेदन भरने के लिए **''प्रोसीड''** बटन पर क्लिक करें, आपको **''इसेन्शियल क्वालीफिकेशन''** पेज पर ले जाया जाएगा।

## 4. आवश्यक अर्हताएं

- ईक्यू 1 भरें और **''सेव डाटा''** पर क्लिक करें, ईक्यू 1 आइकॉन हरे रंग में बदल जाएगा।
- इसी प्रकार ईक्यू 2 भरें और **''सेव डाटा''** पर क्लिक करें।
- इसी तरह ईक्यू 3 भरें और **''सेव डाटा''** पर क्लिक करें।
- ईक्यू 3 भरने के पश्चात, बाईं ओर के मेन्यु में पार्ट ए और पार्ट बी दो और विकल्प दिखाई पडेंगे।

## 5. पार्ट–ए : नेतृत्व एवं पद विशिष्ट विशेषताएं

- **''पार्ट–ए''** पर क्लिक करें जिससे नेतृत्व और पद विशिष्ट विशेषताएं के तहत भरे जाने वाले विवरणों की सूची दिखाई देगी।
- प्रत्येक विवरण को भरें तत्पश्चात **''सेव डाटा''** पर क्लिक करें।
- विशेषता 1.1 में आंकडे भरने के पश्चात, आईकॉन हरे रंग में बदल जाएगा जो यह दर्शाएगा कि इस बिन्दु को देखा गया और भरा गया।
- इसी प्रकार **''पार्ट–ए''** की दायीं ओर दिए गए सभी विकल्पों को भरें। जैसे ही आप डाटा भर कर सेव करेंगे आइकॉन हरे रंग में बदलते रहेंगे।

## 6. पार्ट–बी : व्यक्तिगत विशेषताएं

- **''पार्ट–बी''** पर क्लिक करें जिससे व्यक्तिगत विशेषताएं के अंतर्गत भरे जाने वाले सभी विवरण दिखाई पड़ेंगें।
- प्रत्येक विवरण को भरें और **''सेव डाटा''** पर क्लिक करें।

### 6.1 पेशेवर उपलब्धियां

- विशेषता 2.1, 2.2 (i), 2.2 (ii) में डाटा भरें, आईकॉन हरे रंग में बदल जाएगा जो दर्शाता है कि डाटा भरा गया है।

### 6.2 सम्मान/पुरस्कार/ विशेष प्राप्तियां

- विशेषता 3.1, 3.2 में डाटा भरें, आईकॉन हरे रंग में बदल जाएगा जो दर्शाता है कि डाटा भरा गया है।
- इसी प्रकार **''पार्ट–बी''** की दायीं ओर दिए गए सभी अन्य विकल्पों को भरें। डाटा भर कर सेव डाटा करने पर आईकॉन हरे रंग में बदल जाएगा।

## 7. एन.ओ.सी. और शुल्क भुगतान

- सभी विवरण भरने के पश्चात, एन.ओ.सी और शुल्क भुगतान की ओर बढ़ें।
- **''प्रिंट एप्लीकेशन''** पर क्लिक करें। सभी विवरण सही रूप से भरा गया है जांच कर लें।
- अपलोड किए गए सभी फाइल देखें जा सकते हैं।
- एन.ओ.सी. भरें और **''सबमिट''** करें।

# सूचना का अधिकार अधिनियम का कार्यान्वयन एवं केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सी.पी.जी.आर.ए.एम.एस.)

6

## सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, कृ.वै.च.मं. परीक्षाओं, भर्तियों, मूल्यांकन और चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को अक्षरशः लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 के अनुसार, भर्ती और मूल्यांकन से संबंधित अद्यतन जानकारी कृ.वै.च.मं. की वेबसाइट (www.asrb.org.in) पर समय–समय पर उपलब्ध कराई गई है।

मंडल ने अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय अवधि के भीतर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न अनुरोधों और अपीलों का प्रभावी और संतोषजनक ढंग से उत्तर दिया। एक जिम्मेदार ''लोक प्राधिकरण'' होने के नाते, मंडल ने इस संबंध में उचित और वांछित कार्रवाई की है। मंडल ने सूचना चाहने वालों से प्राप्त प्रश्नों और अपीलों को व्यवस्थित रूप से संभालने के लिए तीन केंद्रीय लोक सूचना अधिकारियों (सी.पी.आई.ओ.) और दो अपीलीय अधिकारियों को नियुक्त किया है। इस अवधि के दौरान, मंडल को मुख्य रूप से निम्नलिखित से संबंधित 523 मामले प्राप्त हुए :

### मांगी गई सूचना

- विशेषज्ञों के नामों की जानकारी।
- उच्च वैज्ञानिक पदों के लिए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों की बायोडाटा।
- स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों की जानकारी।
- सीधी भर्ती के पदों के आवेदनों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया की जानकारी।
- मूल्यांकन समिति द्वारा दिए गए अंकों की जानकारी।
- विभिन्न परीक्षाओं/नियुक्तियों में अन्य आवेदकों को प्राप्त अंकों की जानकारी।
- उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया की जानकारी।
- परीक्षाओं की उत्तर कुंजी की जानकारी।
- उत्तर पुस्तिकाओं, ओएमआर शीट और प्रश्न पत्रों की फोटो प्रतियां।
- पूर्व की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र।
- मंडल के अग्रसक्रिय आदेशों/निर्णयों तथा मंडल में सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4 का कार्यान्वयन संबंधी जानकारी।
- आउटसोर्स मैनपॉवर का विवरण।
- मंडल द्वारा दिए गए टेंडरों से संबंधित जानकारी।
- प्रशासनिक अधिकारी तथा वित्त व लेखा अधिकारी परीक्षा – 2021 से संबंधित जानकारी।

कुल 523 मामलों में से केवल 11.47% आवेदकों ने ही प्रथम अपील दायर की। इन मामलों को भी सभी संबंधितों की संतुष्टि और मंडल द्वारा प्रस्तुत उत्तरों के अनुसार सफलतापूर्वक निपटाया गया था। मामलों के क्षेत्रों का पूरा विवरण इस प्रकार है:

## वर्ष 2021–22 के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत निपटाए गए मामलो का संक्षिप्त विवरण

### खण्ड–I. (अनुरोध तथा अपीलों के बारे में विवरण)

| | 01.04. 2021 से पूर्व लम्बित मामले | अन्य पी.ए.एस. से स्थानांतरित होकर आए मामले | वर्ष के दौरान प्राप्त अनुरोध (अन्य पी. ए.एस. को भेजे गए पत्रों सहित) | अन्य पी.ए.एस. को यू/एस 6(3) में भेजे गए मामलों की संख्या | निर्णय जहां अनुरोध/अपील को अस्वीकार किया गया हो | निर्णय जहां अनुरोध/ अपील स्वीकार किया गया हो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुरोध | 01 | 20 | 502 | 17 | 0 | 506 |
| प्रथम अपील | 02 | 0 | 58 | 0 | 0 | 58 |
| | | पदनामित सी.ए.पी.आई.ओ. की कुल संख्या | | पदनामित सी.पी.आई.ओ.की कुल संख्या | | पदनामित ए.ए. की कुल संख्या |
| | | 0 | | 3 | | 2 |

### खण्ड–II. (एकत्रित शुल्क, लगायी गई जुर्माना राशि तथा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई)

